# संपदा पदाधिकारी का कार्यालय
## बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय
बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय प्रांगण,पटना –800014

e-mail :- estatebasu@gmail.com


पत्रांक 123 /सम्पदा / बि॰प॰वि॰वि॰, पटना                दिनांक 10 / 05 / 2023

(ई० निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/E.O./BASU, Patna

(1) विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– सम्पदा पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,पटना।

(2) निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– 10.05.2023

(3) निविदा कागजात प्राप्त करने (डाउनलोड करने) की अवधि एवं समय :– दिनांक 15.05.2023 से दिनांक 30.05.2023 तक 3:00 अपराह्न तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

(4) प्रिबीड मिटिंग की तिथि समय एवं स्थान :– दिनांक–24.05.2023 को 3:00 बजे अपराह्न सम्पदा कार्यालय बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना–14 के कार्यालय कक्ष में।

(5) निविदा कागजात जमा करने (अपलोड करने की ) अंतिम तिथि एवं समय :– 31.05.2023 को 12:00 बजे तक।

(6) निविदा प्राप्ति का स्थान :– (on website www.eproc2.bihar.gov.in)

(7) अग्रधन की राशि एवं अन्य कागजात मूल में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 01.06.2023 को 3:00 बजे अपराह्न तक सम्पदा कार्यालय, बि०प०वि०वि०, पटना में।

(8) तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 02.06.2023 को 3:30 बजे अपराह्न

(9) वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के पश्चात्।

(10) निविदा वैधता का समय :– 120 दिन।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण–विपत्र का मूल्य (रू० में) | बीड प्रोसेसिंग चार्ज एवं सर्विस टैक्स (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Goat Shed, Pig Shed & Poultry Shed (Civil & Electrical Works) at Krishi Vigyan Kendra, Jamui under B.A.S.U., Patna for the year 2023-2024** | **₹38,34,397=00** | **₹76,700=00** | **₹5,000=00** | website के अनुसार | 02 माह |

11. बिहार सरकार में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक उक्त निविदा में भाग ले सकते हैं।
12. विद्युत कार्य हेतु विद्युत विभाग के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुज्ञप्ति (License) होना अनिवार्य है।
13. परिमाण विपत्र की राशि अंक गणितिय गणना के पश्चात् घट / बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि संशोधित होगा।
14. निविदा की शर्त्तो अथवा निविदा से संबंधित किसी भी बिंदु पर संशय की परिस्थिति में पृच्छा या स्पष्टीकरण प्री–बीड मिटिंग की तिथि को या उसके पूर्व की जा सकती है।

15. निविदा के साथ निबंधन प्रमाण–पत्र, GST निबंधन प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, पैन कार्ड एवं अन्य सभी वांछित कागजातों की सुस्पष्ट एवं स्वहस्ताक्षरित प्रति विभागीय प्रावधानों के अनुरूप अपलोड करना अनिवार्य होगा। सभी कागजात क्रमांकित करते हुये एवं स्वयं अभिप्रमाणित करते हुए स्कैन कर ई–निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। क्रमांकित नहीं होने पर यदि कोई निविदा कागजात के कारण कार्य आवंटित नहीं हो पाता है तो इसकी जवाबदेही विभाग की नहीं होगी। इसलिए स्पष्ट निर्देश दिया जाता है कि निविदा कागजात क्रमांकित कर हीं निविदा अपलोड करें।
16. निविदा केवल ई–निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.epro2.bihar.gov.in पर निष्पादित किया जाएगा। ई–निविदा प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ई–प्रोक्यूरमेन्ट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं०–0612–2523006, मो० नं०–7542028164 / 9939035696 से प्राप्त किया जा सकता है।
17. ई–निविदा में भाग लेने के इच्छुक संवेदकों को ई–प्रोक्यूरमेंन्ट (Service Provider) के साथ निबंधन कराना होगा। वेबसाईट पर आवश्यक निबंधन प्रपत्र उपलब्ध है। इस निबंधन से उन्हें User Id तथा Password मिलेगा। संवेदकों को DSC (Digital Signature Certificate) भी प्राप्त करना होगा। User Id, Password, DSC एवं इन्टरनेट के उपयोग से ही संवेदक वेबसाईट hhps://www.eproc2.bihar.gov.in के माध्यम से ई–निविदा में भाग ले सकेगें। Eproc1 के existing vendors को अपने existing login Id द्वारा Eproc2.0 portal में enroll कराना होगा। विशेष जानकारी के लिए Eproc2 Helpdesk, जिसका details Toll free no -1800 5726571, E-mail Id:- eproc2support@bihar.gov in working hors: 8 AM to 7 PM (All days in a week except few selected: holiday) से सम्पर्क किया जा सकता है।
18. निविदा संबंधित किसी भी प्रकार का शुद्धि पत्र (Corrigendum/Addendum) वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।
19. Bid-Processing Charge + Service Tax का भुगतान As per website संवेदक द्वारा Internet Payment gateway (Credit/Debit Cards) अथवा Internet Banking अथवा NEFT/RTGS Challan के माध्यम से B.S.E.D.C. के Bid-Processing Fee Account में Credit करेंगें।
20. निविदा कागजात का मूल्य की राशि का भुगतान संवेदकों को Eproc2.0 portal पर online mode में जमा करना अनिवार्य है। किये गये भूगतान से संबंधित कागजात की Scanned Copy साक्ष्य के तौर पर निविदा कागजातों के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
21. मात्र ऑनलाईन विधि से समर्पित EMD (अग्रधन की राशि) ही स्वीकार किये जाऐंगे। यदि किसी निविदाकर द्वारा भौतिक रूप से EMD जमा किया जाता है, तो मात्र BG (Bank Gurantee) ही स्वीकार किया जाएगा। बैंक गारंटी सम्पदा पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,पटना के नाम से प्रतिज्ञित होना चाहिए एवं उसकी वैधता निविदा प्राप्ति की तिथि से कम से कम 180 दिन होना चाहिए। संवेदक को निविदा कागजात तथा BG भौतिक रूप से संबंधित कार्यालय में जमा करना होगा। BG का Online Verification किया जाएगा।
22. सशर्त बैंक गारंटी स्वीकार नहीं किया जाएगा।
23. संवेदको को सूचित किया जाता है कि Eproc2.0 Application में Bid encryption का अनिवार्य प्रावधान है।
24. निविदादाताओं द्वारा निविदा में भाग लेने के पूर्व कार्य स्थल की उपलब्धता, परिमाण विपत्र के प्रत्येक मदों एवं दर एवं क्वैरी साईट इत्यादि की स्थिति, लीड, ढुलाई दर एवं निर्माण सामग्रियों की उपलब्धतता से संबंधित जानकारी प्राप्त कर आश्वस्त हो लेंगे। निविदा के दौरान अथवा निविदा के पश्चात यदि किसी कारणवश, यथा तकनीकी स्वीकृति प्रदत्त प्राक्कलन में संशोधन (सक्षम प्राधिकार द्वारा संशोधित) होने के परिमाणस्वरूप यदि किसी मद के दर / ढुलाई दर (Carriage Rate) में परिवर्तन होता है, तो परिवर्त्तित दर ही मान्य होगा एवं उस नये परिवर्त्तित दर पर ही एकरारनामा किया जाएगा। परिमाण विपत्र के दरों को उक्त हद तक संशोधित समझा जाए। इस संबंध में किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। अतः उक्त बिंदुओं पर संतुष्ट होने के पश्चात ही निविदा जमा करेंगे।
25. कार्य की पूर्ण जानकारी (साईट लोकेशन, वर्त्तमान अवस्थित पहुँच पथ की स्थिति एवं अन्य विविध जानकारी) के लिए सम्पदा पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय,पटना के कार्यालय से किसी कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
26. माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा याचिका CWJC No. 9941/2022 बिहार संवेदक संघ बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में दिनांक 21.12.2022 को पारित न्यायादेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
27. इस कार्य हेतु डिफेक्ट लाईवलिटि अवधि एक वर्ष होगी। यह अवधि कार्य समाप्ति के तिथि से लागू होगी।
28. डिबार किये गये संवेदक / फर्म से संबंधित पार्टनर, कोई एक पार्टनर भी) इस निविदा में भाग नहीं ले सकेंगे तथा एकरारनामा एवं विहित निर्देशानुसार कार्य निष्पादन नहीं करने पर बिहार ठेकादारी निबंधन नियमावली 2007 के प्रावधान के तहत् संवेदक / फर्म को निलंबन एवं काली सूची में दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के किसी विभाग के द्वारा डिबार एवं कालीकृत नहीं

किये जाने संबंधी शपथ प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा। जॉचोपरान्त शपथ पत्र गलत पाये जाने पर निविदा अमान्य कर दी जाएगी एवं संवेदक के विरूद्ध विधिसंगत कार्रवाई की जाएगी।

29. बिना कारण बतायें निविदा को रद्द करने/तिथि विस्तार करने का अधिकार सक्षम पदाधिकारी को सुरक्षित है।
30. निविदाकर्त्ता को सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि के पूर्व ही समय रहते हुए परिमाण विपत्र डाउनलोड एवं निविदा अपलोड कर दें अथवा समय में इंटरनेट सेवा बाधित रहने अथवा लिंक फेल होने अथवा किसी तरह के बाध्यता के कारण निविदा नहीं डाले जाने के लिए कोई दावा मान्य नहीं होगा।
31. कुल प्राक्कलित राशि में वास्तविक खर्च का एक प्रतिशत निर्माण श्रमिक के लिए सेस के रूप में बिल भुगतान के समय काट लिया जायगा।
32. विस्तृत जानकारी के लिए यह निविदा आमंत्रण सूचना वेबसाईट www.epro2.bihar.gov.in/state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है, अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस की कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक 123 / सम्पदा /बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 10/05/2023

**प्रतिलिपि:–**

(1) कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
(2) वित्त नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।
(3) अधिष्ठाता, मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
(4) निदेशक शिक्षा प्रसार, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
(5) प्रभारी आई०सी०टी०, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
(6) जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को अखबार में निविदा प्रकाशन हेतु प्रेषित।
(7) विश्वविद्यालय सूचनापट्ट/सं०गॉं०ग०प्रौ०सं० सूचनापट्ट/बी०भी०सी० सूचनापट्ट।

सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक 123 / सम्पदा /बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक 10/05/2023

प्रतिलिपि:– कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ समर्पित।

सम्पदा पदाधिकारी
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना